<u>जन-संचार तथा पत्रकारिता</u>

(Mass Communication and Journalism)

अपनी बात, बहुत लोगों तक, एक साथ, पहुँचाने को जन-संचार व पत्रकारिता कहते हैं| भाषा पर पूर्ण अधिकार एवम् विचारों की अभिव्यक्ति किसी को भी इस क्षेत्र में सरलता से सफलता दिला सकती है| इसमें विभिन्न माध्यमों से समाचार एवम् जन विचारों को एकत्र करके उनके प्रचार एवम् प्रसार करने की कला आती है| साथ ही पुस्तक प्रकाशन, विज्ञापन एवम् जन-संपर्क पाठ्यक्रम करके भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है|

यह उनके लिए अच्छा अवसर है जो जन मानस को बदलने की इच्छा रखते हैं क्योंकि इसमें किसी भी सरकार को बनाने में सहयोग, किसी भी ब्रांड को प्रसिद्ध करना, देश व्यापी आंदोलन को अग्रसर करने, आदि की पूर्ण क्षमता है| यदि आप २४ X ७ समय तक कार्य करने की क्षमता रखते हैं, तो पत्रकारिता एवम् जन-संचार में रोज़गार ही नहीं स्वरोज़गार की भी अपार संभावनाएँ हैं|

पत्रकारिता व जन-संचार के लिए जिन योग्यताओं का होना आवश्यक है, उनमें शामिल हैं -

१. सटीक एवम् विषय अनुसार लिखने का कौशल

२. भाषा पर पूर्ण रूप से पकड़

३. विचार अभिव्यक्ति का कौशल

४. वर्तनी, विराम चिन्ह एवम् व्याकरण का अच्छा ज्ञान

५. राष्ट्रीय एवम् अंतर राष्ट्रीय विषयों की गहरी पकड़

६. घटनाओं को एकत्रित करना, उनकी सत्यता जानना एवम् निष्पक्ष ढंग से प्रस्तुति

७. सृजनात्मक लेखन कला

८. एकाग्रचित्त   ९. शांत स्वभाव



पत्रकारिता व जन-संचार के माध्यम -

प्रिंट (Print)- समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, पुस्तकें इत्यादि|

ऑडियो / वीडियो (Audio-Video) - रेडियो, टेलीविज़न, लघु फिल्म, फिल्म, डॉक्युमेंटरी आदि|

डिजिटल / एलेक्ट्रॉनिक्स (Digital/Electronics) - इंटरनेट पत्रकारिता, ई-न्यूज़, ई-बुक आदि|

प्रवेश स्तर –

१) 10+2 के पश्चात - स्नातक पाठ्यक्रम (Bachelor's degree programme) –

पाठ्यक्रम	विश्वविद्यालय	प्रवेश आधार	न्यूनतम योग्यता	वेबसाइट
बॅचलर ऑफ जर्नलिस्म एंड मास कम्यूनिकेशन (BJMC)	गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (GGSIPU)	प्रवेश परीक्षा	५०% अंक + Eng में पास	www.ipu.ac.in
बॅचलर ऑफ जर्नलिस्म मास मीडीया एंड कम्यूनिकेशन (BJMMC)	दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU)	प्रवेश परीक्षा / अंकों के आधार पर *	Eng में पास	www.du.ac.in
बॅचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) जर्नलिस्म BA(Hons) Journalism	दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU)	प्रवेश परीक्षा / अंकों के आधार पर *	Eng में पास	www.du.ac.in
स्नातक हिन्दी पत्रकारिता	दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU)	प्रवेश परीक्षा / अंकों के आधार पर *	हिन्दी में पास	www.du.ac.in
बॅचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) मास मिडीया हिन्दी BA(H)Mass Media Hindi	जामिया मिलिया इस्लामिया (JMI)	प्रवेश परीक्षा	५०% अंक + हिन्दी में पास	www.jmi.ac.in

(* कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश आधार को जाँच लें|)

२) स्नातक डिग्री के पश्चात - स्नातकोत्तर डिप्लोमा (Post-graduate diploma) -

किसी भी विषय में स्नातक डिग्री प्राप्त करने के पश्चात जन-संचार एवम् पत्रकारिता के क्षेत्र में स्नातकोत्तर (Post-graduate) डिप्लोमा भी किया जा सकता है|

रोज़गार के अवसर -

- समाचार लेखक (Newswriter)
- रिपोर्टर (Reporter)
- संवाददाता (Correspondent)
- स्तंभ लेखक (Coloumnist)
- फोटो जर्नलिस्ट (Photo Journalist)
- संपादक (Editor)
- इलॅस्ट्रटर (Illustrator)
- कार्टूनिस्ट (Cartoonist)
- उद्घोषक (Anchor)
- रेडियो जॉकी (Radio Jockey)
- वीडीयो जॉकी (Video Jockey)
- आलोचक (Critic)
- पटकथा लेखक (Script writer)
- निर्माता / निर्देशक (Producer/Director)
- फ्रीलानसर (Freelancer)